**शिवम् संकुल संघ, दक्षिणी काको, जहानाबाद काको, जहानाबाद**
मोबाइल: 6209064238| ईमेल: shivamclfdakshini@gmail.com

**अनुसूचित जाति/जनजाति विद्यालयों के लिए कैंटीन प्रबंधक के पद पर चयन हेतु विज्ञापन**

शिवम् संकुल संघ, दक्षिणी काको, जहानाबाद CLF द्वारा संचालित "जीविका दीदी की रसोई" के सफल संचालन हेतु अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यालयों में कैंटीन प्रबंधक की नियुक्ति संविदा (11 माह) के आधार पर की जा रही है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करें।

पद का नाम: कैंटीन प्रबंधक

कार्य स्थान: संबंधित अनुसूचित जाति/जनजाति विद्यालय, जहानाबाद

चयन प्रक्रिया (कुल 50 अंक):

1. साक्षात्कार – 30 अंक
2. कार्य अनुभव – 20 अंक (प्रत्येक वर्ष के अनुभव हेतु 2 अंक, अधिकतम 20 अंक)

नोट: यदि दो या अधिक उम्मीदवारों को समान अंक प्राप्त होते हैं, तो सरकारी संस्थानों में संचालित कैंटीन में अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।

योग्यता:

1. उम्मीदवार होटल प्रबंधन/केटरिंग तकनीक जैसे BHM, BHMCT, B.Sc. in Hospitality & Hotel Administration, BA/BBA in Hotel Management अथवा होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. जिन रसोई में संस्थागत बिक्री 50 से 500 के बीच है, वहाँ उम्मीदवार के पास कम से कम 2 वर्षों का अनुभव आवश्यक है।
3. जहाँ बिक्री 501 से 700 के बीच है, वहाँ 3 वर्षों का अनुभव अनिवार्य है।
4. जहाँ बिक्री 701 या उससे अधिक है, वहाँ 5 वर्षों का अनुभव अनिवार्य है।
5. विज्ञापन जारी होने की तिथि को उम्मीदवार की आयु 21 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

अन्य शर्तें:

- चयन के बाद ₹100 के गैर-न्यायिक स्टांप पेपर पर एकरारनामा किया जाएगा जिसमें कार्य, मानदेय, मूल्यांकन एवं सेवा समाप्ति की शर्तें होंगी।
- कार्यकाल: 11 माह | परिवीक्षा अवधि: 6 माह (संतोषजनक कार्य के बाद पुष्टि)

महत्वपूर्ण तिथि:
आवेदन की अंतिम तिथि: 13-07-2025

आवेदन प्रक्रिया:
इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाणपत्रों के साथ शिवम् संकुल संघ, दक्षिणी काको, जहानाबाद CLF में स्वयं उपस्थित होकर या डाक/ईमेल (shivamclfdakshini@gmail.com) के माध्यम से जमा करें।

नोट: यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा आधारित है एवं चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

शिवम् जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ
ग्राम+पो० डेढ़सैया काको (जहानाबाद)
मेनका कुमारी — अध्यक्ष
रंजू देवी — सचिव
रेखा देवी — कोषाध्यक्ष

शिवम् संकुल स्तरीय संघ
दक्षिणी काको, जहानाबाद।

Scanned with OKEN Scanner